World Cup 2011

Paper : Dainik Gagran, Date: 02-04-2011, page No.19

ITS Managing Committee organized a HAWAN for team INDA

Wish you all the best.

भारत-श्रीलंका फाइनल मैच : भारत की जीत के लिए लोगों ने किए यज्ञ

श्रीलंका फतह के लिए मांगी दुआएं

विश्वकप-2011

- विद्यार्थियों ने सचिन तेंदुलकर के शतक लगाने के लिए की प्रार्थना

शास्त्रीनगर महेंद्रा एंक्लेव स्थित मंदिर में यज्ञ करते भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता व आईटीएस डेंटल कालेज में यज्ञ करते विद्यार्थी। जागरण

गाजियाबाद, वसं : शनिवार को होने वाले भारत पाकिस्तान के बीच फाइनल मैच में टीम इंडिया को जीत दिलाने के लिए जगह -जगह हवन का आयोजन किया गया। इससे स्कूल कालेज भी अछूते नहीं रहे।

आइटीएस कालेज मुरादनगर में इस मौके पर आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने टीम के जीत के साथ सचिन तेंदुलकर को शतकों का शतक लगाने के लिए भगवान से दुआ की। हवन का आयोजन विद्यार्थियों ने अध्यापकों के साथ मिलकर किया। इस मामले में अध्यापकों और विद्यार्थी कालेज परिसर में एकत्र हुए। विद्यार्थियों ने हवन कुंड में भारतीय टीम की जीत के लिए आहुति दी गयी। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने कहा कि 1983 कपिल देव की अगुवायी वाली टीम ने विश्व विजेता होने का गौरव हासिल किया था। इसी क्रम में महेंद्र सिंह धोनी की अगुवायी वाली टीम भी शनिवार को वर्ल्ड कप को जीतेगी। अध्यापकों ने भी विद्यार्थियों का साथ देते हुए भारत की जीत के लिए हवन में आहुति दी।

भारत की जीत के लिए भाजयुमो ने किया हवन : गाजियाबाद, वसं : विश्वकप क्रिकेट के फाइनल मैच में भारतीय टीम की ऐतिहासिक जीत के लिए भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने हवन किया। विश्वकप क्रिकेट के फाइनल मैच में भारतीय टीम की जीत के लिए प्रशंसक अलग-अलग तरीके से भगवान से प्रार्थना कर रहे हैं। इसी कड़ी में महेंद्रा एंक्लेव स्थित शिव मंदिर में भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को भारतीय टीम की ऐतिहासिक जीत के लिए जिलाध्यक्ष संजय कुशवाहा के नेतृत्व में हवन का आयोजन किया। इस मौके पर आचार्य सुरेश उनियाल ने संपूर्ण विधि विधान से यज्ञ करवाया और टीम की जीत के लिए प्रार्थना की। संजय कुशवाहा और पप्पू नागर ने कहा कि टीम इंडिया की जीत एक नया इतिहास लिखेगी। इस अवसर पर मुख्य रूप से पार्षद मनवीर नागर, नितिन त्यागी, राजीव अग्रवाल, दिवाकर सिंहल, बंटी पहलवान, मनोज यादव, दीपक चौधरी, केके शर्मा, सुनील, सोनू व संदीप उपस्थित थे।

जीत के लिए मस्जिदों में दुआ और मंदिरों में हुआ हवन

मुरादनगर, संस : शनिवार को भारत और श्रीलंका के बीच होने वाले मैच में भारतीय टीम की सफलता के लिए जगह-जगह हवन, यज्ञ व मस्जिदों में दुआ की गई। शुक्रवार को यहां दिल्ली-मेरठ राष्ट्रीय राजमार्ग पर असालत नगर गांव के निकट आईटीएस कॉलेज के छात्रों ने विश्वकप की जीत के लिए मंदिर में हवन किया। इस अवसर पर संस्थान के प्राचार्या पीबी सूद व मीडिया प्रभारी राजीव मल्होत्रा सहित अनेक छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। मुख्य बाजार स्थित आर्य समाज मंदिर में टीम इंडिया की जीत के लिए यज्ञ किया गया जिसमें शहर के अनेक गणमान्य लोगों ने भाग लिया। यज्ञ में शामिल होने वालों में प्रधान आदेश गुप्ता, जितेंद्र कुमार आर्य, राजीव गर्ग, रविंद्र आर्य व मनोज शर्मा सहित अनेक लोग उपस्थित थे। उधर विश्वकप में टीम इंडिया की सफलता के लिए मस्जिदों व मदरसों में भी दुआ की गई। दुआ करने वालों मिल्लत खान, मास्टर बाबू खां, जमालुद्दीन मालू व महताब खान सहित अनेक लोग उपस्थित थे। मसूरी व डासना में भी कई मस्जिदों एवं मदरसों में टीम इंडिया की जीत के लिए दुआ की गई।